# 2025 तक डेढ़ लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य : धामी

देहरादून। उत्तराखंड में लखपति दीदी योजना के तहत साल 2025 पूर्ण होने तक डेढ़ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मौजूदा समय में राज्य में एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी हैं।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता समिट 2025 में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मातृ शक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले 11 सालों में देशभर में 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन-धन के बैंक खाते खोले गए हैं। लखपति दीदी योजना के माध्यम से एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प पूरा किया। साथ ही 30 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन देकर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## नई दिल्ली में डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता समिट में किया प्रतिभाग

**राज्य में नारी सशक्तिकरण की योजनाएं** :मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी नौकरियों में राज्य की बेटियों को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देकर हर विभाग में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। राज्य सरकार सशक्त बहना उत्सव योजना और मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण के लिए देश की संसद ने लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33% का आरक्षण देने का कानूनपास किया है। ब्यूरो